अभ्यास : प्रश्न तथा उनके उत्तर

1. **अपने विद्यालय या आस-पास में समानता तथा असमानता दर्शाते दो-तीन व्यवहारों को लिखें।**

उत्तर—समान दर्शाने वाले व्यवहार—

(i) मतदान।

(ii) विभिन्न जातियों के बच्चों का एक ही स्कूल में पढ़ना।

(iii) अलग-अलग संप्रदायों के लोगों का मिलकर रहना और काम करना।

असमानता दर्शाने वाले व्यवहार—

(i) दलितों के साथ होने वाला छुआ-छूत का व्यवहार।

(ii) किसी नौकरी के आवेदन में किसी खास वर्ग को प्राथमिकता देना।

(iii) किसी खास वर्ग के लिए आरक्षण की मांग करना।

2. **क्या साइकिल वितरण, पोशाक वितरण, मध्याह्न भोजन वितरण, छात्रवृत्ति वितरण के समय असमान व्यवहार का भाव झलकता है ?**

उत्तर—नहीं, साइकिल वितरण, पोशाक वितरण, मध्याह्न भोजन वितरण, छात्रवृत्ति वितरण के समय असमान व्यवहार का भाव नहीं झलकता है। इन सभी कार्यों के वक्त जैसे—साइकिल देते, पोशाक देते वक्त छात्रों के जाति या रूप-रंग, अमीरी-गरीबी आदि को नहीं देखा जाता है। सभी छात्रों को एक समान की साइकिल और पोशाकें दी जाती हैं। मध्याह्न भोजन के दौरान भी जात-पात के आधार पर अलग-अलग बैठाकर भोजन नहीं करवाया जाता है बल्कि सभी संप्रदाय के बच्चों को एक साथ, एक जगह बिठाकर एक ही तरह का भोजन कराया जाता है। भोजन बनाने वाला भी उच्च जाति का हो ये आवश्यक नहीं है। छात्रवृत्ति देने के दौरान भी जाति को नहीं देखा जाता है।

3. **अपने इलाके के संदर्भ में कुछ संघर्ष के मुद्दों को बताएँ।**

उत्तर—छात्र इसे स्वयं करें।

4. **अपने क्षेत्र के कुछ प्रदर्शनों/आन्दोलनों में से किसी एक की चर्चा करें।**

उत्तर—छात्र इसे स्वयं करें।